## एक नजर में

### भैया मिश्रीलाल गंगवाल की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा



इंदौर. मालवा के गांधी एवं मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री, वरिष्ठ स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भैया मिश्रीलाल गंगवाल की 44 वीं पुण्यतिथि पर आज श्रद्धासुमन अर्पित किए गए. इस अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं उत्तराधिकारी संयुक्त संगठन की ओर से प्रतिमा स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित कर भैया जी को स्मरण किया गया. कार्यक्रम में मुख्य रूप से एडवोकेट दिलीप राजपाल, अजय नारायण सीतलानी, ओमप्रकाश जगन्नाथ वर्मा, सुधीर सेठिया, दिनेश रामप्रसाद दुबे, प्रकाश व्यास, वरिष्ठ सदस्य मनोहर सिंह तोमर, सतीश करनीक, राधेश्याम गुप्ता, गोविन्द राठौर, दिलीप जैन तथा महेन्द्र सिंह जैन सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। सभी ने भैया जी के संघर्ष और उनके आदर्शों को नमन करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किए. उक्त जानकारी अध्यक्ष पंडित राकेश देवदत्त शास्त्री ने दी.

### समस्याओं को लेकर विधानसभा अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा



इंदौर/जबलपुर ।वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसोसिएशन, मध्य प्रदेश भोपाल के प्रांतीय अध्यक्ष एडवोकेट राजकुमार दुबे के आह्वान एवं निर्देशानुसार अपनी तीन प्रमुख समस्याओं- मध्य प्रदेश पेंशन कल्याण मंडल में एसोसिएशन को प्रतिनिधित्व देने, पेंशनरों को लंबित दो प्रतिशत मंहगाई राहत का भुगतान एरियर सहित करने, एवं जिला एवं संभागीय पेंशन कार्यालय को पूर्व की तरह यथावत रखने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा. प्रांतीय अध्यक्ष एडवोकेट राजकुमार दुबे के निर्देशानुसार कार्यकारी प्रांताध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा, संभागीय अध्यक्ष एवम वरिष्ठ प्रान्तीय उपाध्यक्ष राजेश जोशी के नेतृत्व में गठित प्रतिनिधि मंडल जिनमें सर्वश्री पं. रामचंद्र दुबे, वरिष्ठ प्रांतीय उपाध्यक्ष एवं संभागीय प्रभारी, आर.बी.सगर प्रान्तीय मीडिया प्रभारी, हरदा, सुभाष चंद्र वर्मा, संभागीय समन्वयक एवं कोर कमेटी सदस्य,नरेंद्र सिंह ठाकुर जिला अध्यक्ष इंदौर एवं प्रांतीय मीडिया प्रभारी ने भोपाल में मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, मुख्यमंत्री कार्यालय, मुख्य सचिव, अपर मुख्य सचिव,अपर सचिव,प्रमुख सचिव आदि से मुलाकात कर ज्ञापन सौपा. यह जानकारी प्रांतीय मीडिया प्रभारी नरेंद्रसिंह ठाकुर ने दी.

### भटका हुआ व्यक्ति पिछली भूलों को स्वीकार करे




इंदौर. तीर्थंकर परमात्मा की भक्ति लोगस्स से सिद्ध परमात्मा की भक्ति करना चाहिये. भगवान के अनमोल वचन आगमों में स्थापित हो गये है, हम हमारे आगमों से कितना ले सकते है. यह हमारी भक्ति पर निर्भर है. यह विचार उपप्रवर्तक श्रुत मुनि महाराज ने व्यक्त किए. उन्होंने कहा कि आगम में 25 वां तीर्थंकर संघ को बताया गया है तीर्थंकर भी नणो संघस को याद करते है. तीर्थंकर भगवान कहते है कि जो संघ का अपमान करें, विद्रोही हो जाये, संघ को अपनी बपोती समझे तो वह महा मोहनीय कर्म का बंध करता है और सांतवें नर्क में जाता है. दूसरे कर्म तो टूट जाते हैं परंतु महा मोहनीय कर्म टूटते नहीं है. भटका हुआ व्यक्ति आत्म कल्याण की ओर बढ़ जाये, पिछली भूलों को स्वीकार करें. मान सम्मान का त्याग करें, तो उसका कल्याण संभव है. आज जानकी नगर से महिला मंडल का गुरुदेव के दर्शनार्थ महावीर भवन में पदार्पण हुआ, प्रवचन एवं दर्शनो का लाभ लिया. तपस्वी तप शिरोमणि अक्षर मुनि जी महाराज के तपस्या की अनुमोदना की. आज तप शिरोमणी पुज्य अक्षर मुनि महाराज के 15वां उपवास कि तपस्या चल रही है. धर्म सभा का संचालन प्रकाश भटेवरा ने किया.

### मृगनयनी के पास लगेगा झांकी निर्णायक समिति का मंच

इंदौर. श्री गणेश चतुर्दशी विसर्जन चल समारोह पर निकलने वाली झाँकियों के निर्णायक समिति का मंच इस बार भी मृगनयनी इंपोरियम के पास लगेगा। सयोजक सत्यनारायण सलवाड़िया और अध्यक्ष पिंटू जोशी ने बताया कि 6 सितंबर को अनंत चतुर्दशी पर निकलने वाले चल समारोह मे झांकी कलाकारों और खलीफाओ को साफ़ा पहनाकर स्वागत -सत्कार किया जायेगा। निर्णायक मंच पिछले 50 वर्षो से लग रहा है.

### आदमखोर तेंदुए की तलाश में रेस्क्यू टीम तैनात



इंदौर. बड़वानी जिले के राजपुर फॉरेस्ट रेंज में दहशत फैलाने वाले तेंदुए को पकड़ने इंदौर की रालामंडल रेस्क्यू टीम ने मोर्चा संभाल लिया है. यह वही तेंदुआ है जिसने लगभग 20 दिन पहले लिम्बई गांव के 8 साल के बच्चे को मार डाला था और एक महिला पर भी हमला कर घायल कर दिया था. डीएफओ बड़वानी आशीष बंसोड की मांग पर इंदौर डीएफओ प्रदीप मिश्रा के निर्देश से रेस्क्यू टीम को रवाना कर दिया. रेस्क्यू ऑपरेशन ऑफिसर शेर सिंह कटारे के नेतृत्व में टीम ने कल से राजपुर के जंगलों और इंद्रपुर के आसपास डेरा डाल रखा है. कटारे ने बताया कि तेंदुए की गतिविधियों पर नजर रखने और उसे सुरक्षित पकड़ने के लिए 5 पिंजरे और 4 कैमरे लगाए गए हैं. बड़वानी और खंडवा की टीमें भी इस ऑपरेशन में जुटी हुई हैं. वन विभाग सूत्रों ने बताया कि तेंदुआ लगातार आबादी वाले इलाकों में आ रहा है, जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल है. फिलहाल ऑपरेशन जारी है और टीम का कहना है कि जल्द ही इस खतरनाक तेंदुए को काबू में ले लिया जाएगा.

### अनवर डकैत की रिमांड बढ़ी

इंदौर. लव जिहाद और फंडिंग से जुड़े दो मामलों में गिरफ्तार कांग्रेस पार्षद अनवर डकैत की पुलिस रिमांड को अदालत ने बढ़ा दिया है. वहीं, उसकी बेटी आयशा को भी जेल से तीन दिन के ट्रांजिट रिमांड पर इंदौर लाया गया है. बाणगंगा टीआई सियाराम गुर्जर ने बताया कि पुलिस अब पिता और बेटी को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ करेगी. जांच में सामने आया है कि अनवर ने निजामुद्दीन नाम से ली गई सिम कार्ड का इस्तेमाल कर बेटी से संपर्क साधा था. सूत्रों के मुताबिक, आयशा ने नेपाल में अनवर के ठहरने के लिए होटल का बिल चुकाया था. यह भुगतान सीधे नहीं, बल्कि किसी अन्य व्यक्ति के जरिए होटल के खाते में ट्रांसफर करवाया था. पुलिस अब इस लेन-देन की पूरी कड़ी खंगाल रही है.


### दो मकानों के ताले टूटे, लाखों के जेवर पार

इंदौर. बायपास से लगी टाउनशिप में एक बार फिर चोरों ने पुलिस की नाक में दम कर दिया है. लगातार हो रही चोरियों पर अंकुश न लग पाने से लोग दहशत में हैं. ताजा मामला लसूड़िया थाना क्षेत्र के तलावली चांदा स्थित स्मार्ट होम्स घटना टाउनशिप की है, जहां चोरों ने कल रात दो मकानों को निशाना बनाया और लाखों के जेवर-नकदी पार कर ले गए. चोरों ने लखन नामदेव और उनके पड़ोसी प्रवीणकुमार सिन्हा के मकानों के ताले तोड़े. दोनों ही मकानों से करीब 10 लाख रुपए से ज्यादा के सोने-चांदी के जेवर चोरी हो गए. घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की. . पुलिस ने टाउनशिप में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है.

# अनंत चतुर्दशी चल समारोह का यातायात डायवर्सन प्लान जारी

**शाम 6 बजे से निकलेगा चल समारोह, देर रात तक रहेगा जुलूस**

**कई मार्गों पर वाहनों का प्रवेश व पार्किंग पूर्णत: प्रतिबंधित**




नव भारत न्यूज

**इंदौर. गणेशोत्सव के समापन पर 6 सितंबर को शहर में धूमधाम से अनंत चतुर्दशी का चल समारोह निकाला जाएगा. हजारों श्रद्धालु और सैकड़ों झांकियां इस शोभायात्रा में शामिल होंगी. सुरक्षा और यातायात व्यवस्थाओं को सुचारु रखने के लिए पुलिस ने विस्तृत डायवर्सन प्लान जारी किया है. समारोह शाम 6 बजे चिकमंगलूर चौराहा से शुरू होकर देर रात तक विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए संपन्न होगा.**

चल समारोह की झांकियां चिकमंगलूर चौराहा से रवाना होकर जेल रोड चौराहा, एमजी रोड चौराहा, मृगनयनी, फ्रूट मार्केट, नंदलालपुरा, जवाहर मार्ग, नरसिंह बाजार, क्लॉथ मार्केट, खजूरी बाजार होते हुए राजवाड़ा पहुंचेंगी, इसके बाद नगर निगम मार्ग से पुन: मृगनयनी होकर झांकियां अपने-अपने स्थानों पर जाएंगी. यातायात पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे असुविधा से बचने के लिए वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें और चल समारोह मार्ग पर वाहनों के प्रवेश से बचें.

मरीमाता से रेलवे स्टेशन/ बस स्टैंड जाने वाले वाहन भागीरथपुरा टी से एमआर-4 होकर राजकुमार ब्रिज के नीचे से जाएंगे. जवाहर मार्ग से नंदलालपुरा होकर यशवंत रोड की ओर जाने वाले वाहन सैफी चौराहे से हाथीपाला होकर निकलेंगे. रीगल से शास्त्री ब्रिज, मृगनयनी या राजवाड़ा की ओर जाने वालों को जीपीओ से फॉरेस्ट टी होते हुए सपना-संगीता रोड का उपयोग करना होगा.

भागीरथपुरा टी से भंडारी ब्रिज, रीगल से शास्त्री ब्रिज और सैफी चौराहे से संजय सेतु जाने वाले मार्ग आम वाहनों के लिए पूरी तरह बंद रहेंगे. राजवाड़ा, यशवंत रोड, नंदलालपुरा, कृष्णपुरा पुल और आसपास के क्षेत्रों में किसी भी प्रकार की पार्किंग प्रतिबंधित रहेगी.

वहीं यातायात डीएसपी ने बताया कि अनंत चतुर्दशी पर हजारों श्रद्धालु चल समारोह में शामिल होंगे. भीड़ और यातायात व्यवस्था को देखते हुए विस्तृत डायवर्सन प्लान लागू किया गया है. नागरिकों से निवेदन है कि सहयोग करें और अनावश्यक रूप से चल समारोह मार्ग पर वाहन लेकर न निकलें. यदि सभी लोग पुलिस व्यवस्था में सहयोग देंगे तो त्योहार शांतिपूर्ण और आनंदमय ढंग से संपन्न होगा.

**वाहनों की नो-एंट्री**

चल समारोह की समाप्ति तक पूरे मार्ग पर अन्य वाहनों का प्रवेश बंद रहेगा. रामबाग, महेश जोशी टी, सब्जी मंडी, दरगाह चौराहा, मच्छी बाजार, पंढरीनाथ, कबूतरखाना चौकी सहित कई मार्गों से जुलूस मार्ग पर वाहनों की आवाजाही पूरी तरह बंद होगी.

# जेल से छूटते ही हिरासत में लिए गए बांग्लादेशी दम्पती

## जल्द होगी डिपोर्टेशन की कार्रवाई

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** चार साल की सजा पूरी कर जेल से बाहर आए बांग्लादेशी दंपत्ति को हीरानगर पुलिस ने जेल गेट पर ही दबोच लिया. दोनों के पास भारतीय नागरिकता का कोई वैध दस्तावेज नहीं है. फिलहाल इन्हें सुरक्षित ठिकाने सेफ हाउस में रखा है और डिपोर्टेशन की प्रक्रिया शुरू की गई है.

हीरानगर थाना प्रभारी पीएल शर्मा ने बताया कि रोहिणी शेख और उसकी पत्नी रिया को अपहरण के मामले में 2020 में गिरफ्तार किया था. महाराष्ट्र निवासी किशोर खंडारे उसकी पत्नी नीता के साथ इनकी गिरफ्तारी पश्चिम बंगाल से हुई थी. कोर्ट ने चार साल की सजा सुनाई थी, जो अब पूरी हो चुकी है. दोनों जेल से रिहा हुए, पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया. एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि राज्य स्तर पर गठित एसआईटी को पहले से ही इनके जेल से बाहर आने की जानकारी थी. एसआईटी ने इंदौर पुलिस को अलर्ट किया, जिसके बाद यह कार्रवाई की अब दोनों को औपचारिक प्रक्रिया पूरी होने पर बांग्लादेश भेजा जाएगा. ज्ञात हो कि भारत सरकार ने बांग्लादेशी और रोहिंग्या मुसलमानों की पहचान और वैरिफिकेशन को लेकर विशेष अभियान चलाया है. इसके तहत इंदौर में भी सराफा, सांवेर रोड और औद्योगिक क्षेत्रों में काम करने वाले संदिग्धों का डेटा एकत्रित किया है.

**एक अन्य युवक की जानकारी एसआईटी को भेजी**

एक अन्य मामले में हीरानगर थाना क्षेत्र में रेलवे पटरी के पास झुग्गी में रह रहे सौरभ नामक युवक के बांग्लादेशी होने की जानकारी भी पुलिस ने एसआईटी भोपाल को भेजी दी है. बताया जाता है कि वह लंबे समय से इंदौर में रह रहा है और आधार कार्ड सहित अन्य दस्तावेज भी बनवा चुका है. पुलिस ने उसे चिन्हित कर निगरानी शुरू कर दी है.

# फर्जी वकील बनकर तलाक केस में ठगी, लाखों लेकर हुई फरार

**इंदौर. हीरानगर थाना क्षेत्र में तलाक केस के नाम पर ठगी का सनसनीखेज मामला सामने आया है. एक महिला ने खुद को वकील बताकर फरियादी से लाखों रुपए ऐंठ लिए. पैसे लेने के बाद जब महिला गायब हुई, तो कोर्ट जाकर पता चला कि जिस नाम से वह वकील होने का दावा कर रही थी, उस नाम का कोई वकील इंदौर बार एसोसिएशन में दर्ज ही नहीं है. शिकायत पर पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है.**

शिकायतकर्ता शैलेन्द्र चौहान निवासी तिलक नगर, देवास ने पुलिस को बताया कि उनके साले रोहित रजत की शादी ललितपुर निवासी रागिनी से हुई थी. रिश्ते में खटास आने पर मामला तलाक तक पहुंचा. ललितपुर में वकील नियुक्त करने के बाद भी संतोषजनक काम न होने के कारण नया वकील तलाशा जा रहा था. इसी बीच मार्च 2024 में शैलेन्द्र की मुलाकात कबीटखेड़ी निवासी आशी शर्मा से हुई. उसने खुद को एडवोकेट बताते हुए केस की पैरवी करने का झांसा दिया. आरोपी महिला ने पूरे मामले को निपटाने के लिए करीब 5 लाख रुपए फीस बताई और शुरुआती तौर पर 3 लाख रुपए मांगे, शैलेन्द्र ने किस्तों में भुगतान किया. इस दौरान 2 लाख 30 हजार रुपए ऑनलाइन और 45 हजार रुपए नकद उसे दे दिए. रोहित जब भी कोर्ट की पेशी पर जाता, तो आशी वहां मौजूद नहीं होती. पूछने पर वह कहती कि मामला अदालत के बाहर सुलझा रही हूं.

**तलाश शुरू**

धीरे-धीरे उसने कॉल उठाना भी बंद कर दिया. संदेह होने पर शैलेन्द्र और रोहित ने इंदौर कोर्ट में पता किया, तो सामने आया कि आशी नाम की कोई महिला वकील पंजीकृत ही नहीं है. जब आरोपी महिला से संपर्क करने की कोशिश की गई, तो उसका मोबाइल बंद मिला, दिए गए पते पर भी वह मौजूद नहीं थी. थाना प्रभारी पीएल शर्मा का कहना है कि फिलहाल पुलिस ने आरोपी के वाहन और मोबाइल नंबर के आधार पर उसकी तलाश शुरू कर दी है.

# सरकारी नौकरी का झांसा दे ठगे थे 1.72 करोड़, गिरफ्तार

## क्राइम ब्रांच की बड़ी कार्रवाई, फर्जी दस्तावेज बनाकर डॉक्टर-रिश्तेदारों से ठगे

नव भारत न्यूज

**इंदौर. सरकारी नौकरी का लालच देकर करोड़ों की ठगी करने वाले शातिर को क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया है. आरोपी ने रेलवे और पुरातत्व विभाग में नौकरी दिलाने का झांसा देकर एक डॉक्टर और उसके परिवार से 1.72 करोड़ रुपए से ज्यादा हड़प लिए थे. ठगी को अंजाम देने के लिए उसने फर्जी दस्तावेज भी तैयार किए थे.**



डीसीपी क्राइम राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि फरियादी डॉ. सुभाष सोनकेसरिया निवासी राजेंद्र नगर ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 41 वर्षीय आरोपी राकेश सुमन निवासी सिंगापुर ग्रीन व्यू प्रीमियम एनेक्स, लसूड़िया, मूल निवासी चंदेरी जिला अशोकनगर ने उन्हें और उनके रिश्तेदारों को नौकरी का झांसा देकर ठगी की. आरोपी पहले इंडेक्स मेडिकल कॉलेज में ड्राइवर था, जहां उसकी पहचान डॉक्टर से हुई.

यहीं से उसने अपने जाल में फंसाना शुरू किया. राकेश सुमन ने अपने पिता की पुरातत्व विभाग में नौकरी का हवाला देकर विभागीय दस्तावेजों की पहचान का फायदा उठाया और नौकरी दिलाने का भरोसा दिलाया. भरोसे में लेकर उसने लाखों रुपए ऐंठ लिए, ठगी की रकम 1,72,62,198 रुपए निकली. आरोपी महज नवीं तक पढ़ा हुआ है, लेकिन पुरातत्व विभाग से जुड़े होने के कारण विभागीय प्रक्रियाओं की जानकारी थी, जिसका इस्तेमाल उसने ठगी में किया.

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार किया है. पूछताछ में आरोपी ने वारदात कबूल कर ली है. पुलिस को शक है कि उसने और लोगों को भी इसी तरह ठगा है. अब उससे गहन पूछताछ की जा रही है और अन्य पीड़ितों व नए खुलासों की संभावना जताई जा रही है.

# बरसती फुहारों के बीच संत वसंत विजय केंद्रीय जेल पहुंचे

## बंदियों संग की धर्म चर्चा, गूंजे भजन और आरती

नव भारत न्यूज

**इंदौर. गुरुवार को केंद्रीय जेल इंदौर में एक अनोखा और गरिमामय दृश्य देखने को मिला. रिमझिम बरसात के बीच प्रसिद्ध संत वसंत विजय महाराज का जेल प्रांगण में आगमन हुआ. इस दौरान पूरे जेल का माहौल भक्तिमय हो गया. जेल अधीक्षक ने द्वार पर पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया. इसके बाद बंदियों की ढोल-ताशा टीम के साथ जुलूस के रूप में संत को सभा कक्ष तक ले जाया गया.**



जेल अधिक्षक अलका सोनकर ने बताया कि सभा कक्ष में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में संत वसंत विजय महाराज ने अपने हृदयस्पर्शी उद्गारों से बंदियों को आशीर्वाद दिया.

उन्होंने धार्मिक चर्चा करते हुए जीवन में सद्मार्ग अपनाने का संदेश दिया. बंदी भी संत की बातों को ध्यानपूर्वक सुनते रहे और माहौल आध्यात्मिक रंग में रंग गया. इस अवसर पर नवनियुक्त जेल महानिदेशक वरुण कपूर की धर्मपत्नी श्रीमती कपूर विशेष रूप से उपस्थित रहीं.

प्रवचन के बाद जेल अधीक्षक अलका सोनकर ने भजनों के साथ आभार व्यक्त किया. उसके बाद जेल परिसर में विराजमान गजानंद गणपति की आरती से कार्यक्रम का समापन हुआ. धार्मिक कार्यक्रम की सफलता में उप जेल अधीक्षक संतोष लाडिया, वरिष्ठ परिवीक्षा एवं कल्याण अधिकारी अभिषेक दांगी की उपस्थिति और भूमिका विशेष रूप से सराहनीय रही.

# पत्नी और प्रेमी से प्रताड़ना के आरोप में युवक ने किया सुसाइड

**इंदौर. हीरानगर थाना क्षेत्र के गणेश नगर इलाके में बीते 25 जुलाई को मिथुन सकेरिया ने फांसी लगाकर जान दे दी थी.**

मौत से पहले उसने अपने किराएदार के मोबाइल से वीडियो बनाकर पत्नी सरिता और उसके प्रेमी नवीन पर प्रताड़ित करने के गंभीर आरोप लगाए थे. वीडियो में मिथुन ने साफ कहा था कि यदि उसे कुछ हो जाए तो दोनों को सजा जरूर दिलाई जाए.

वीडियो में मिथुन ने अपनी मां राजकुमारी से भावुक अपील करते हुए कहा कि पत्नी और उसके प्रेमी ने मिलकर उसका सारा पैसा हड़प लिया, कभी प्रेमी अपना नाम मौर्या बताता था, कभी पटेल. उसके कारण उसे झूठे केस में फंसाकर जेल भी भिजवाया था. मिथुन ने यह भी कहा कि क्या कोई बाप अपनी बच्चियों से बलात्कार करेगा, जबकि उसकी ही बेटियों के नाम पर केस दर्ज कर उसे ढाई महीने से ज्यादा जेल में रखा गया था. मिथुन ने वीडियो में यह भी कहा कि पत्नी सरिता, प्रेमी नवीन और मोहल्ले की शोभा सब मिले हुए हैं. कारखाने में आग लगने के बाद पत्नी ने झूठी रिपोर्ट दर्ज कराई.

दवाई और घरखर्च के पैसे तक नहीं दिए जाते थे. मृतक ने आखिरी संदेश में मां से कहा कि बच्चे और मकान की जिम्मेदारी वे संभालें और सरिता तथा नवीन को किसी हाल में बख्शा न जाए. हीरानगर पुलिस ने सरिता और नवीन के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है.

**आरोपी फरार, टीमें दबिश दे रही**

पुलिस उनकी तलाश कर रही है. बावजूद इसके दस दिन से ज्यादा बीत जाने के बाद भी दोनों आरोपी अब तक फरार हैं. वहीं मामले में एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया का कहना है कि पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं. दोनों आरोपियों की तलाश में संभावित ठिकानों पर छापे मारे जा रहे हैं. जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की जाएगी.

# सड़कों पर जलभराव को लेकर महापौर की सख्ती

## अधिकारियों की बैठक बुलायी



इंदौर. शहर की सड़कों पर जलभराव की समस्या को लेकर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने नाराजगी जताई. उन्होंने कहा कि पानी की लाइनों के रिस्टोरेशन कार्य सही ढंग से नहीं होने के कारण, तमाम व्यवस्थाएं करने के बावजूद भी सड़कों पर जलभराव की स्थिति बनी हुई है. यह इस बात का संकेत है कि अधिकारी जिस गति और दृष्टि से कार्य करना चाहिए था, वैसा नहीं कर पाए. महापौर ने इस विषय पर समीक्षा बैठक ली और स्पष्ट कहा कि यह केवल चिंता का नहीं बल्कि नाराजगी का विषय है. आने वाले समय में योजना बनाकर व्यवस्थित तरीके से कार्य करना होगा. उन्होंने निर्देश दिए कि जैसे ही बारिश थमे, शहर की मुख्य सड़कों पर रोलर चलाकर मरम्मत कार्य तुरंत प्रारंभ किया जाए. महापौर ने बताया कि एमपीआरडीसी, पीडब्ल्यूडी, आईडीए और मेट्रो प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों को भी विशेष बैठक के लिए बुलाया गया है. यह बैठक कल दोपहर 2 बजे आयोजित होगी, जिसमें विशेष रूप से ब्रिज के आसपास की सर्विस रोड की स्थिति सुधारने पर चर्चा और कार्ययोजना तैयार की जाएगी.

**एक नजर में** | **दादा निर्भय सिंह पटेल स्मृति वाद विवाद प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न**

# सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी के लिए निर्भय दादा का नाम अमर रहेगा : सीएम

इंदौर,. स्व. दादा निर्भयसिंह पटेल स्मृति विचार मंच समिति द्वारा आयोजित जिला स्तरीय अंतरविद्यालयीन भारतीय मंत्री स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह आज देवी अहिल्या सभागृह खंडवा रोड में सम्पन्न हुआ. मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर उपस्थित रहे. दोनों ही गणमान्य अतिथियों ने विजेताओं को सम्मानित किया.

डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के पूर्व मंत्री स्वर्गीय निर्भय सिंह पटेल अपनी ईमानदारी और सार्वजनिक जीवन में शुचिता के लिए जाने जाते हैं. सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी के लिए स्वर्गीय पटेल का नाम हमेशा अमर रहेगा. दादा निर्भय सिंह पटेल के आदर्शों पर ही हम लोग चल रहे हैं उनकी विचारधारा और उनका मार्गदर्शन आज भी हमारे लिए मशाल की तरह है जो हमारे लिए पथ प्रदर्शन कर रहा है. विस अध्यक्ष नरेंद्र तोमर ने कहा कि वाद-विवाद स्पर्धा जैसी गतिविधियाँ न केवल प्रतिभा को मंच देती हैं, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों को भी मजबूत करती है. सांसद शंकर लालवानी ने भी संबोधित किया. विधायक मनोज पटेल ने कहा कि निर्भय पटेल की स्मृति में होने वाला एक ऐसा कार्यक्रम है जो युवाओं को सालों से देश के बारे में सोचने और नई दिशा देने के लिए प्रेरित करता है.मंत्री तुलसी सिलावट, विधायक गोलू शुक्ला, रमेश मेंदोला , महापौर पुष्यमित्र भार्गव, नगर भाजपा अध्यक्ष सुमित मिश्रा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि मौजूद थे.



**विजेताओं को किया पुरस्कृत**

प्रतियोगिता में विजेताओं को कुल दो लाख तीस हजार रुपए की नगद राशि पुरस्कार स्वरूप वितरित की गई. डेली कॉलेज द्वारा छात्र संघमित्रा भार्गव ने अपने उत्कृष्ट तर्क-वितर्क से प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि द्वितीय स्थान पर साउथ वैली स्कूल के छात्र अथर्व राठौर रहे. प्रतियोगिता में प्रथम आने वाले प्रतिभागियों को दस-दस हजार रुपए के पुरस्कार प्रदान किए गए. इसके साथ ही द्वितीय स्थान पर आने वाले प्रतिभागियों को इक्यावन सौ रुपए की राशि देकर सम्मानित किया गया. कॉलेज श्रेणी में जय मिश्रा प्रथम स्थान पर रहे. इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष रवि पटेल और निरल पटेल ने मुख्य अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि समिति का उद्देश्य युवा पीढ़ी को विचारशील, तर्कसंगत और रचनात्मक संवाद की दिशा में प्रेरित करना है।